# 3.2 करोड़ में दीप्ति फिर यूपी वॉरियर्स की

## यूपी वॉरियर्स ने आरटीएम का इस्तेमाल कर दीप्ति शर्मा को किया रिटेन



**नयी दिल्ली, 27 नवंबर ।** डब्ल्यूपीएल 2026 के लिए हुए महिला प्रीमियर लीग ऑक्शन में इस बार सबसे ज़्यादा चर्चा भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा की रही, जिन्हें यूपी वॉरियर्स ने भारी दांव लगाते हुए 3.2 करोड़ रुपये में दोबारा अपनी टीम में शामिल किया। ऑक्शन की शुरुआत में यह तस्वीर बिल्कुल अलग दिख रही थी।

दिल्ली कैपिटल्स ने दीप्ति पर सबसे पहले 50 लाख रुपये की बोली लगाई थी और कुछ समय तक ऐसा प्रतीत हुआ कि दिल्ली को भारत की सबसे भरोसेमंद ऑलराउंडर्स में से एक खिलाड़ी बेहद कम कीमत पर मिल जाएंगी। लेकिन यूपी वॉरियर्स के पास मौजूद आरटीएम कार्ड ने पूरे समीकरण को एक झटके में बदल दिया। दिल्ली ने अचानक बोली को 3.2 करोड़ तक बढ़ाकर चौंकाया, लेकिन यूपी की टीम ने बिना झिझक बोली को मैच करते हुए दीप्ति को रिटेन कर लिया।

### नहीं मिला कोई खरीदार



ऑस्ट्रेलिया की स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज एलिसा हीली को किसी टीम ने नहीं खरीदा। 2023 में यूपी वॉरियर्स ने उन्हें 70 लाख रुपये में शामिल किया था, लेकिन इस बार किसी फ्रेंचाइज़ी ने बोली में रुचि नहीं दिखाई। यह फैसला कई लोगों के लिए हैरानी भरा था, खासकर उनके अनुभव और विस्फोटक बल्लेबाजी को देखते हुए।



ऑक्शन का रोमांच यहीं खत्म नहीं हुआ। इसके बाद सोफी डिवाइन के नाम पर जो बोली चली, उसने पूरे हॉल का माहौल बदल दिया। डिवाइन पर गुजरात जायंट्स ने 50 लाख की शुरुआती बोली लगाई थी, लेकिन जल्द ही आरसीबी ने उनके प्रति अपना इंट्रेस्ट दिखाया। बोली 1 करोड़ के आसपास पहुंची तो दिल्ली कैपिटल्स भी रेस में कूद गई। तीन टीमों की इस ज़ोरदार टक्कर ने कीमत को लगातार ऊपर पहुंचाया। डिवाइन का अनुभव और विस्फोटक बल्लेबाजी उनके मूल्य को बढ़ाता गया, और अंत में 2 करोड़ रुपये में गुजरात जायंट्स ने ह्ल्द्दद्द अपनी टीम में शामिल किया। यह सौदा इस ऑक्शन का सबसे आक्रामक और फाइटिंग बिडिंग राउंड में से एक रहा, जिसने गुजरात की मंशा साफ कर दी—वे एक संतुलित और दमदार स्क्वाड तैयार कर रही हैं।





इसी बीच, मेग लैनिंग का नाम आते ही माहौल एकदम बदल गया। लैनिंग, जिन्होंने डीसी को लगातार तीन बार डब्ल्यूपीएल फ़ाइनल तक पहुंचाया, इस बार यूपी वॉरियर्स के साथ जुड़ने जा रही हैं। डीसी ने उन पर पहली बोली लगाई, लेकिन यूपी वॉरियर्स ने तुरंत मुकाबला किया और 1.9 करोड़ रुपये की बोली लगाकर उन्हें अपनी टीम में शामिल कर लिया। मार्की सेट की आख़िरी खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वुल्फार्ट थीं। 30 लाख रुपये की बेस प्राइस वाली वुल्फार्ट पर आरसीबी ने बोली की शुरुआत की और कुछ ही पलों में दिल्ली कैपिटल्स भी मैदान में उतर आई। उन्होंने 1.1 करोड़ रुपये में वुल्फार्ट को अपने साथ जोड़ लिया।

# साक्षी पाडेकर का स्वर्णिम निशाना

### 10 मीटर एयर राइफल में चमकीं





### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 में जीता स्वर्ण

### व्यक्तिगत स्वर्ण के साथ टीम स्वर्ण भी जिताया

**जयपुर, 27 नवंबर ।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा ने गुरुवार को एक नई स्टार को सामने ला दिया, जब लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की युवा शूटर साक्षी पाडेकर ने पूरे टूर्नामेंट में अद्भुत शांत स्वभाव, तकनीकी सटीकता और मानसिक मजबूती का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह जीत सिर्फ एक पदक भर नहीं थी; यह उनकी वर्षों की निरंतर मेहनत, तकनीकी सुधार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा की तैयारी का बड़ा संकेत थी, जिसने उन्हें भारत की उभरती हुई प्रमुख निशानेबाजों की कतार में मजबूती से खड़ा कर दिया है।

फाइनल के दौरान साक्षी का प्रदर्शन शुरू से अंत तक प्रभावी रहा। तकनीकी विश्लेषकों ने इस बात पर जोर दिया कि उन्होंने पूरे मुकाबले में रिद्म नहीं टूटने दिया—हर एक शॉट को शांत दिमाग से, नियंत्रित सांसों के साथ और बेहद स्थिर बॉडी पोज़िशनिंग में अंजाम दिया। फाइनल राउंड में उन्होंने जिस परिपक्वता से खेला, वह अनुभवहीन खिलाड़ी की नहीं बल्कि ऐसे निशानेबाज़ की लग रही थी जो उच्च स्तरीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के दबाव का सामना करने के लिए तैयार है। यह भी उल्लेखनीय है कि साक्षी अब तक मुख्य रूप से 50 मीटर राइफल स्पर्धा पर फोकस करती रही हैं, जहां उन्होंने पिछले वर्ष कई प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। 10 मीटर में यह उनका पहला बड़ा व्यक्तिगत स्वर्ण है, जिसने उनके करियर की दिशा को नया आयाम दे दिया है। यह उपलब्धि शूटिंग विशेषज्ञों के अनुसार बेहद खास है, क्योंकि 10 मीटर स्पर्धा में स्थिरता, तेज़ टार्गेट पिकिंग और लगभग ज़ीरो-एरर तकनीक की जरूरत होती है।

### मैंने हर क्षण अपने को संभाले रखा

स्वर्ण जीतने के बाद भावुक साक्षी ने कहा कि फाइनल में शांत रहना ही उनका सबसे बड़ा हथियार था। उन्होंने बताया कि उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में सिर्फ अपनी प्रक्रिया पर ध्यान रखा—सांसों की लय, ट्रिगर की टाइमिंग, रिकॉयल का नियंत्रण और शॉट के दौरान पूरा ध्यान सिर्फ लक्ष्य पर। उनका कहना था कि उन्हें पता था कि यदि वह अपने मूल प्रक्रिया से हटेंगी, तो फाइनल का दबाव उन पर भारी पड़ सकता है, इसलिए उन्होंने हर क्षण सिर्फ खुद को संभाले रखा।

# किदांबी श्रीकांत की एकतरफा धमाकेदार जीत

## हमवतन सनीथ दयानंद को 21-6, 21-16 से हराया



**लखनऊ, 27 नवंबर** स्टार भारतीय शटलर के.श्रीकांत ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 में गुरुवार को उम्दा खेल दिखाते हुए एकतरफा जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में स्थान सुरक्षित कर लिया।

पुरुष एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में पांचवीं वरीय भारत के के.श्रीकांत ने हमवतन सनीथ दयानंद को एकतरफा 21-6, 21-16 से हराया। 2016 के मोदी बैडमिंटन चैंपियन और मलेशियाई मास्टर्स के उपविजेता श्रीकांत ने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खासी आक्रामकता दिखाई और नेट पर बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए आसान जीत दर्ज की। किदांबी की अब क्वार्टर फाइनल में प्रियांशु राजावत से भिड़ंत होगी जिन्होंने भारत के प्रियांशु राजावत ने बीएम राहुल भारद्वाज को 21-16, 10-21, 21-12 से हराया।

### तन्वी शर्मा ने किया उलटफेर

महिला एकल में 2023 की चैंपियन दूसरी वरीय जापान की नोजोमी ओकुहारा को भी हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप-2025 और यूएसओपन की उपविजेता रही भारत की तन्वी शर्मा ने तीन गेम तक चले रोमांचक मैच में 13-21, 21-16, 21-14 से जीता। पुरुष एकल में भारत के उभरते हुए शटलर मनराज सिंह ने तीसरी वरीय एचएस प्रणय को 21-15, 21-18 से शिकस्त दी।

# भारतीय हॉकी टीम आज चिली के खिलाफ उतरेगी

### पुरुष एफआईएच हॉकी जूनियर विश्वकप 2025



**चेन्नई 27 नवंबर भारत शुक्रवार को यहां चिली के खिलाफ पुरुष एफआईएच हॉकी जूनियर विश्वकप 2025 के 14वें संस्करण में अपने अभियान की शुरुआत करेगा।**

कल से तमिलनाडु में शुरु हो रहे इस अंडर-21 टूर्नामेंट का आयोजन चेन्नई और मदुरै में किया जाएगा। जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में हिस्सा ले रही 24 टीमों को चार-चार टीमों के छह पूल में बांटा गया है। भारत पूल बी में चिली, ओमान और स्विट्जरलैंड के साथ शामिल है। डिफेंडर रोहित की अगुवाई में 18 सदस्यीय टीम इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पीआर श्रीजेश भारतीय जूनियर हॉकी टीम के मुख्य कोच हैं।

### जूनियर हॉकी विश्वकप 2025 में हिस्सा ले रही टीमें इस प्रकार है :-

पूल ए में कनाडा, जर्मनी, आयरलैंड, साउथ अफ्रीका। पूल बी चिली, भारत, ओमान, स्विट्ज़रलैंड। पूल सी में अर्जेंटीना, चीन, जापान, न्यूजीलैंड। पूल डी में बेल्जियम, इजिप्ट, स्पेन, नामीबिया। पूल ई में ऑस्ट्रिया, इंग्लैंड, मलेशिया, नीदरलैंड्स। पूल एफ में ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश, फ्रांस, दक्षिण कोरिया।

# भारतीय हॉकी टीम ने न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया

## भारत की ओर से अमित रोहिदास, संजय और सेल्वम कार्थी ने किए गोल

### न्यूजीलैंड टीम की ओर से जार्ज बेकर ने दागे 2 गोल

**इपोह, (मलेशिया), 27 नवंबर** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने गुरुवार को सुल्तान अजलान शाह कप टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड 3-2 से हराया।

भारत के लिए अमित रोहिदास ने (चैथे), संजय ने (32वें), और सेल्वम कार्थी ने (54वें) मिनट में गोल दागे। वहीं न्यूजीलैंड की ओर से जॉर्ज बेकर ने (42वें और 48वें) मिनट में गोल किए। आज यहां सुल्तान अजलान शाह कप स्टेडियम में खेले गये मैच के पहले कुछ शुरुआती मिनटों में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड पर ब?त बनाई। भारत ने एक अच्छे मूव से अपना पहला मौका बनाया, जिससे उसे पेनल्टी कॉर्नर मिला और अमित रोहिदास ने (चैथे) मिनट में गोलकर स्कोरिंग शुरू की। पहला क्वार्टर 1-0 की ब?त के साथ खत्म हुआ। दूसरे क्वार्टर में न्यूजीलैंड के खिला?ियों ने स्कोर बराबर करने का प्रयास किया, लेकिन भारतीय रक्षकों नें उन्हें रोके रखा और हॉफ टाइम तक वहीं स्कोर रहा। भारत ने दूसरे हाफ की शुरुआत फ्रंट फुट पर की और दूसरे हाफ की शुरुआत में ही कप्तान संजन 32वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर ब?त को दोगुना कर दिया। न्यूजीलैंड ने तुरंत जवाब देने के लिए कुछ पेनल्टी कॉर्नर लिए, लेकिन वे भारतीय रक्षापंक्ति को भेद नहीं पाए। लेकिन आखिरकार जॉर्ज बेकर ने (42वें) मिनट में न्यूजीलैंड के लिए एक गोल कर आखिरी क्वार्टर रोमांचक बना दिया।



न्यूजीलैंड ने चैथे क्वार्टर की शुरुआत अपने दूसरे गोल की तलाश में की, और जॉर्ज बेकर ने (48वें) मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोलकर स्कोर 2-2 से बराबर दिया। हालांकि, भारत ने तुरंत पलटवार किया अभिषेक के पास को सेल्वम कार्ति ने (54वें) मिनट में गोलकर भारत को फिर से ब?त दिला दी। भारत ने आखिरी स्टेज में अपनी पक? बनाए रखी और मुकाबला 3-2 से अपने नाम कर लिया।भारतीय टीम शनिवार को कनाडा से भि?ेगी।

उल्लेखनीय है कि भारतीय हॉकी टीम ने इससे पहले बुधवार को मेजबान मलेशिया को 4-3 के रोमांचक मुकाबले में हराया था।

# दुबई कैपिटल्स टाइटल बचाने तैयार

**दुबई, 27 नवंबर डीपी वर्ल्ड आईएल टी20 सीजन 3 की चैंपियन दुबई कैपिटल्स टूर्नामेंट में अपने सीजन 4 अभियान के लिए तैयार हैं, जो 2 दिसंबर को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में डेजर्ट वाइपर्स के खिलाफ शुरू होगा।**

### डीपी वर्ल्ड आईएल टी20 सीजन 4 का आगाज 2 दिसम्बर से

### दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में डेजर्ट वाइपर्स होगी सामने

फ्रेंचाइजी ने नए कप्तान दासुन शनाका और हेड कोच हेमांग बदानी की लीडरशिप में एक मजबूत टीम बनाई है। अब, कैपिटल्स ने सभी डिपार्टमेंट में स्टार खिला?ियों वाली एक शानदार लाइनअप बनाए रखी है। श्रीलंकाई ऑलराउंडर शनाका, वेस्ट इंडीज के पावर-हिटर रोवमैन पॉवेल, इंग्लैंड के पेस जो?ी टाइमल मिल्स और डेविड विली, स्कॉटलैंड के स्कॉट करी, न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर जिमी नीशम और अफगानिस्तान के अनुभवी गुलबदीन नैब के साथ टीम को लीड करते हैं।

दुबई कैपिटल्स के कैप्टन और श्रीलंकाई स्टार दासुन शनाका ने कहा, डीपी वर्ल्ड आईएल टी20 सीजन 3 के चैंपियन, दुबई कैपिटल्स को आने वाले कैंपेन में लीड करना सच में गर्व की बात है। हमारे पास टैलेंट से भरा ड्रेसिंग रूम है, जो हमें कॉन्फिडेंट और एक्साइटेड रखता है।

## एक नजर में

### अल-जवरा से हारकर गोवा एफसी हुआ बाहर

**बगदाद (इराक).** भारत का एफसी गोवा, इराक के अल-जवरा फुटबॉल क्लब के खिलाफ खेले गये ग्रुप डी के दूसरे मुकाबले में हारकर एएफसी चैंपियंस लीग टू 2025-26 से बाहर हो गया। जवरा स्टेडियम में बुधवार को खेले गये ग्रुप डी के दूसरे मैच मेंएफसी गोवा को अल-जवरा से 1-2 से हार का सामना करना प?ा। आयुष छेत्री को रेड कार्ड मिलने के बाद कदीम राड ने 38वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को ब?त दिलाई। इसके बाद गोवा ने 51वें मिनट में दुर्गम इस्माइल के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया, लेकिन हसन अब्दुलकरीम ने 65वें मिनट में गोल करके मेजबान टीम को जीत दिला दी। इस जीत के साथ उसे तीन अंक हासिल हुए। एएफसी चैंपियंस लीग टू 2025-26 में अल-जवरा से गोवा की दूसरी हार ने फुटबॉल प्रतियोगिता से उसे बाहर कर दिया। गोवा अपने घरेलू मैच में अल-जवरा से 2-0 से हार गया था और गोवा ग्रुप डी में सबसे निचले पायदान पर है, उसके पांच मैचों में कोई अंक नहीं है।

### 5 फरवरी को वड़ोदरा में होगा डब्ल्यूपीएल फाइनल

**नयी दिल्ली.** डब्ल्यूपीएल 2026 का चैथा सीजन 9 जनवरी से 5 फरवरी तक खेला जाएगा और इसका ख़िताबी मुकाबला व?ेदरा में खेला जाएगा। डब्ल्यूपीएल के चैथे सीजन के सभी मुक़ाबले दो वेन्यू - डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई और व?ेदरा के बीसीए स्टेडियम में खेले जाएंगे। सीजन का पहला मुक़ाबला डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा। यह पहली बार है जब डब्ल्यूपीएल जनवरी-फरवरी महीने में खेला जाएगा। इससे पहले तीनों सीजन का आयोजन फरवरी-मार्च के दौरान किया गया था। डब्ल्यूपीएल के अब तक तीन सीजन में से दो सीजन मुंबई इंडियंस ने जीते हैं और वह इस समय डब्ल्यूपीएल की मौजूदा चैंपियन हैं। जबकि दूसरा सीजन स्मृति मंधाना की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपने नाम किया था। वहीं दिल्ली कैपिटल्स तीनों ही सीजन में उपविजेता रही है।

### डब्ल्यूबीबीएल के शेष मुकाबलों से जेमिमा बाहर

**नयी दिल्ली.** डब्ल्यूबीबीएल के शेष सीजन के लिए वापस न लौटने के जेमिमाह रॉड्रिग्स के फैसले को ब्रिस्बेन हीट ने स्वीकार कर लिया है, जिसका मतलब है कि भारतीय बल्लेबाज डब्ल्यूबीबीएल के मौजूदा सीजन के शेष चार मुकाबलों के लिए अपनी फ्रेंचाइजी के साथ नहीं जुड़ेंगी। हीट द्वारा जारी मीडिया रिलीज में बताया गया है कि रॉड्रिग्स, स्मृति मांधना के विवाह समारोह में शिरकत करने के लिए भारत लौटी थीं और मंधाना के पिता का स्वास्थ्य खराब होने के चलते उन्होंने भारत में अपनी टीम की साथी खिला?ी के साथ ही रहने का फैसला किया है। फ्रेंचाइजी ने बताया कि उन्होंने रॉड्रिग्स के इस आग्रह को स्वीकार कर लिया है।

# आस्ट्रेलिया बोला- 'अहमदाबाद, हम आ रहे हैं'

## 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिलने का ऑस्ट्रेलिया ने किया स्वागत

**नई दिल्ली. 27 नवंबर (वार्ता)। राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया है, जब 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी के लिए भारत के अहमदाबाद को चुना गया और ऑस्ट्रेलिया ने इस निर्णय का खुले दिल से स्वागत किया।**

यह मेजबानी न सिर्फ भारत के बहुआयामी खेल बुनियादी ढांचे पर भरोसे को दर्शाती है बल्कि इस प्रतिष्ठित आयोजन की सौवीं सालगिरह को भी एक नए गौरवपूर्ण अध्याय से जोड़ती है। खास बात यह है कि भारत को यह मेजबानी उस दौर में मिली है जब दुनिया खेल आयोजनों की स्थिरता और विश्वसनीयता को लेकर गंभीर सवालों से जूझ रही है। ह्यूस्टन के अनुसार भारत की बोली न सिर्फ मजबूत थी बल्कि रणनीतिक और दूरदृष्टि से तैयार भी। उनका कहना था कि गेम्स की सौवीं सालगिरह किसी ऐसे देश में मनाई जानी चाहिए जो न केवल बढ़ते खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जाना जाता हो, बल्कि एक समृद्ध खेल संस्कृति वाला भी हो।उन्होंने यह भी कहा कि यह फैसला ऑस्ट्रेलियाई एथलीटों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि ब्रिस्बेन 2032 ओलंपिक और पैरालंपिक से सिर्फ दो साल पहले उन्हें एक बड़े अंतरराष्ट्रीय मंच पर



कॉमनवेल्थ ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष बेन ह्यूस्टन ने इस अवसर पर भारत को बधाई देते हुए कहा कि 2030 संस्करण के लिए अहमदाबाद का चयन वैश्विक खेल समुदाय के लिए उत्साहजनक है। उन्होंने अपने बयान की शुरुआत ही इन शब्दों से की—=अहमदाबाद, हम आ रहे हैं।

# जुबा (युवा) संघा का जर्मन क्लब से ऐतिहासिक करार

**नयी दिल्ली, 27 नवंबर.** जुबा (युवा) संघा दिल्ली का ऐसा पहला फुटबॉल क्लब बन गया है, जिसकी अकादमी को जर्मनी के एफसी इंगोस्टेड क्लब 04 ने गोद लिया है। दिल्ली-एनसीआर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एथलीड जुबा इंगोस्टेड अकादमी (एजेआईए) को लांच किया गया।


इस अवसर पर युवा संघा के प्रमुख सुसांत देव, एफसी इंगोस्टेड के कार्यकारी निदेशक डीटमार बालेरडोरफर (डीडी), श्राची स्पोर्ट्स के चेयरमैन तमाल घोषाल, मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल टोडी, देश के जाने-माने पूर्व गोलकीपर भास्कर गांगुली, ईस्ट बंगाल के पूर्व मिडफील्डर अल्विटो डीकुन्हा, मोहन बागान के पूर्व ब्राजीली स्ट्राइकर जोस रामिरेज बरेटो और ईस्ट बंगाल के पूर्व घानाई डिफेंडर सुले मुसाह मौजूद रहे।

**उपलब्धि** 19 साल के खिलाड़ी ने 120,000 डॉलर की इनामी राशि के साथ विश्वनाथन आनंद कप भी जीता

# सिंडारोव दूसरे रैपिड गेम में काले मोहरों से वेई यी को हरा बने चैंपियन

**पणजी, 27 नवंबर** उज्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर जावोखिर सिंडारोव बुधवार को यहां टाईब्रेक में चीन के ग्रैंडमास्टर वेई यी को हराकर सबसे कम उम्र के फिडे वर्ल्ड कप 2025 चैंपियन बन गए।

19 साल के सिंडारोव दूसरे रैपिड गेम में काले मोहरों से वेई को हराकर वर्ल्ड कप जीतने वाले पहले उज्बेक शतरंज खिला?ी बन गए और 120,000 डॉलर की इनामी राशि के साथ-साथ नया विश्वनाथन आनंद कप भी अपने नाम किया। फिडे वर्ल्ड कप 2025 एक सिंगल-एलिमिनेशन नॉक-आउट टूर्नामेंट की तरह खेला गया था और इसमें 82 देशों के 206 खिला?ियों ने एक कॉम्पिटिशन में जीत और कैंडिडेट्स 2026 में तीन जगह पाने की कोशिश की थी। फाइनल में, सिंडारोव ने वेई के खिलाफ दो क्लासिकल गेम में जल्दी ड्रॉ खेले और अपनी रैपिड स्किल्स पर भरोसा करके एक ऐसे खिला?ी के खिलाफ जीत हासिल की.सिंडारोव ने बीच के गेम से वेई के किंग साइड पर दबाव बनाना शुरू किया और फिर अपनी क्वीन से नुकसान पहुंचाते हुए अपने विरोधी के किंग को पिन कर दिया। चीनी खिलाड़ी ने आखिरकार 60वीं चाल के बाद हार मान ली और उज्बेक खिला?ी वर्ल्ड कप जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिला?ी बन गए।



टाइटल जीतने के बाद सिंडारोव ने कहा, ﬂआज, मेरा प्लान सॉलिड रहना था, चाहे टाइम कंट्रोल 15-15 हो या 10-10। दूसरे गेम में, मुझे लगा कि वह कॉन्फिडेंट नहीं था और यह मेरा चांस लेने का टाइम था। मेरी पोजीशन मुश्किल थी और मैंने उसे ड्रॉ का ऑफर भी दिया। लेकिन उसने जीत के लिए खेलने का फैसला किया, लेकिन उसके पास बहुत कम टाइम था और वह मेरे अटैक को मिस कर गया।